श्री बंशीधर नगर बुधवार
08.07.2026
आषाढ़ कृष्णपक्ष नवमी संवत 2084
वर्ष : 04, अंक : 315



# बंशीधर न्यूज

कलम है, तो आवाज़ बुलंद है...



**सूर्योदय-सूर्यास्त**

उदय - 05:10 बजे
अस्त - 06:48 बजे

**तापमान**

अधिकतम : 33 डिग्री से.
न्यूनतम : 26 डिग्री से.

डिजिटल अखबार www.banshidharnews.com

बीडीओ ने नौ वोलेंटियरों को भेजा नोटिस >> पेज 03
रोहन ठक्कर की दुल्हन बनी अंशुला कपूर >> पेज 05

**सुविचार**

जहां प्यार और प्रेरणा है, मुझे नहीं लगता कि आप गलत हो सकते हैं।

**न्यूज अपडेट्स**

**शराब घोटाला**

### ईडी ने पूर्व वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव से की नौ घंटे की पूछताछ

रांची। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शराब घोटाला मामले में पूर्व वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव से पूछताछ के बाद उन्हें घर जाने की अनुमति दे दी। वह रात 8 बजे रांची के हिनू स्थित ईडी के क्षेत्रीय कार्यालय से अपने घर के लिए रवाना हुए। ईडी की ओर से जारी किये गये समन के आलोक में वह मंगलवार को निर्धारित समय पर सुबह 11 बजे ईडी कार्यालय पहुंचे थे। आधिकारिक सूत्रों में बताया कि आवश्यक कागजी प्रक्रिया पूरी करने के बाद ईडी ने उनसे शराब घोटाले के सिलसिले में पूछताछ की। वह अपने साथ ईडी के जरिये मांगे गये आवश्यक दस्तावेज भी साथ लाये थे। उनके द्वारा सौंपे गये दस्तावेज की जांच के बाद ईडी आगे कोई फैसला करेगी। ईडी ने उरांव से लगभग नौ घंटे तक पूछताछ की। इस दौरान उनसे योगेन्द्र तिवारी के बारे में भी पूछताछ की गई। ईडी कार्यालय के बाहर रामेश्वर उरांव ने पत्रकारों के किसी भी सवाल का जवाब नहीं दिया। उन्होंने कहा कि मैं 25 साल पुलिस में रहा हूं। कोई भी गवाह बाहर बयान नहीं देता है, हमें जो भी कहना है, हम ईडी के समक्ष कहेंगे। ईडी ने इससे पहले रोहित उरांव को 29 जून और रामेश्वर उरांव को 30 जून को पूछताछ के लिए बुलाया था। हालांकि, दोनों निर्धारित तारीख पर पेश नहीं हुए थे। उन्होंने ईडी से तीन सप्ताह का अतिरिक्त समय मांगा था। दोनों के अनुरोध पर विचार करने के बाद ईडी ने तीन सप्ताह की बजाय एक सप्ताह का समय दिया। इसके बाद रोहित उरांव को 6 जुलाई और रामेश्वर उरांव को 7 जुलाई को पूछताछ के लिए उपस्थित होने का दूसरा समन जारी किया गया।

**जकार्ता** ▶ **प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इंडोनेशिया की संसद को संबोधित करते हुए कहा**

# भारत और इंडोनेशिया के लिए कई क्षेत्रों में असीमित अवसर

**जकार्ता।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को इंडोनेशिया की संसद को संबोधित करते हुए कहा कि भारत और इंडोनेशिया के लिए अनेक क्षेत्रों में असीम अवसर मौजूद हैं और तेजी से बदलती वैश्विक व्यवस्था में संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) में सुधार अब और टाला नहीं जा सकता। उन्होंने कहा कि दोनों देश स्वाभाविक साझेदार हैं और भारत उपग्रह प्रक्षेपण प्रौद्योगिकी सहित विभिन्न क्षेत्रों में इंडोनेशिया को हरसंभव सहयोग देने के लिए तैयार है।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि आज वैश्विक व्यवस्था तेजी से बदल रही है और भारत एवं इंडोनेशिया जैसे विकासशील देश समान भागीदारी और अधिक भूमिका की अपेक्षा रखते हैं। उन्होंने कहा कि भारत का दृढ़ विश्वास है कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में सुधार की प्रक्रिया में अब और देरी नहीं होनी चाहिए, ताकि वैश्विक संस्थाएं वर्तमान वास्तविकताओं को प्रतिबिंबित कर सकें।

उन्होंने कहा कि भारत और इंडोनेशिया भविष्य के स्वाभाविक साझेदार हैं तथा दोनों देशों के बीच व्यापार, प्रौद्योगिकी, नवाचार और सामरिक सहयोग की अपार संभावनाएं हैं। भारत इंडोनेशिया को उपग्रह प्रक्षेपण प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में सहयोग देने के लिए तैयार है और अंतरिक्ष सहयोग को नई ऊंचाइयों तक ले जाना चाहता है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत मुक्त, खुला और समावेशी हिंद-प्रशांत क्षेत्र का प्रबल समर्थक है तथा समुद्री मार्गों की स्वतंत्रता में विश्वास रखता है। उन्होंने कहा कि भारत की ह्यएक्ट ईस्टह्न नीति पूरी तरह आसियान केंद्रित है और आसियान की केंद्रीय भूमिका भारत की इंडो-पैसिफिक नीति का आधार है।

आतंकवाद के मुद्दे पर उन्होंने कहा कि भारत और इंडोनेशिया हमेशा एक-दूसरे के साथ खड़े रहे हैं। पिछले वर्ष पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के बाद इंडोनेशिया ने भारत के साथ एकजुटता दिखाई, जिसके लिए उन्होंने आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि दोनों देश संयुक्त कार्य समूह के माध्यम से आतंकवाद के खिलाफ सहयोग को और मजबूत कर रहे हैं।

प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र और ह्यमदर ऑफ डेमोक्रेसीह्न है, जबकि इंडोनेशिया विश्व का तीसरा सबसे बड़ा लोकतंत्र है। दोनों देशों ने विविधता को अपनी लोकतांत्रिक एकता की नींव बनाया है और यही साझा मूल्य दोनों देशों के संबंधों की सबसे बड़ी ताकत हैं।

उन्होंने कहा कि भारत और इंडोनेशिया केवल समुद्र ही साझा नहीं करते बल्कि दोनों देशों का साझा इतिहास, संस्कृति और सभ्यतागत विरासत भी है। रामायण, महाभारत, नालंदा, बोरोबुदुर, प्रम्बानन मंदिर, गरुड़ और बाली की सांस्कृतिक परंपराएं दोनों देशों को सदियों से जोड़ती रही हैं। उन्होंने कहा कि भारत ने इंडोनेशिया की स्वतंत्रता की लड़ाई में भी संयुक्त राष्ट्र में उसका मजबूत समर्थन किया था।



मोदी ने कहा कि पिछले दो दशकों में इंडोनेशिया की अर्थव्यवस्था ने उल्लेखनीय प्रगति की है, वहीं भारत आज दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था है और पिछले एक दशक में 25 करोड़ से अधिक भारतीय गरीबी से बाहर निकले हैं। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय व्यापार लगभग 25 अरब डॉलर तक पहुंच चुका है तथा इंडोनेशिया में 100 से अधिक भारतीय कंपनियां कार्यरत हैं लेकिन सहयोग की संभावनाएं अभी भी असीम हैं।

ब्रिक्स का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले वर्ष इंडोनेशिया इसका पूर्ण सदस्य बना और इस वर्ष भारत इसकी अध्यक्षता कर रहा है। उन्होंने कहा कि दोनों देश मिलकर ब्रिक्स को अधिक व्यवहारिक, संतुलित और ग्लोबल साउथ की जरूरतों के प्रति अधिक संवेदनशील बनाने की दिशा में कार्य कर सकते हैं।

प्रधानमंत्री ने इस अवसर पर गंगा-महाकम विजन प्रस्तुत करते हुए भारत-इंडोनेशिया साझेदारी के लिए चार प्रमुख स्तंभों का प्रस्ताव रखा। इनमें सभ्यतागत संबंधों को नई पीढ़ी से जोड़ने के लिए भारत-इंडोनेशिया सिविलाइजेशन डायलॉग की शुरूआत, साझा विकास के माध्यम से नए अवसरों का सृजन, सुरक्षा एवं सामरिक विश्वास को मजबूत करना तथा साझा समुद्री भूगोल को साझा समृद्धि में बदलने के लिए समुद्री सहयोग को नई दिशा देना शामिल है।

अपने संबोधन की शुरूआत में प्रधानमंत्री मोदी ने इंडोनेशिया की जनता द्वारा मिले स्नेह और स्वागत के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि इंडोनेशिया का सर्वोच्च नागरिक सम्मान प्राप्त करना 140 करोड़ भारतीयों का सम्मान है और यह दोनों देशों की लोकतांत्रिक परंपराओं, साझा विरासत तथा प्रगाढ़ होते संबंधों का प्रतीक है।

### प्रधानमंत्री मोदी इंडोनेशिया के सर्वोच्च नागरिक सम्मान से सम्मानित




**जकार्ता।** इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को मंगलवार को देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'बिंतांग आदिपूर्णा ऑफ द रिपब्लिक ऑफ इंडोनेशिया' से सम्मानित किया। राष्ट्रपति सुबियांतो ने जकार्ता में आयोजित विशेष समारोह में प्रधानमंत्री मोदी को यह प्रतिष्ठित सम्मान प्रदान किया। यह इंडोनेशिया का सर्वोच्च नागरिक सम्मान है। यह सम्मान उन लोगों को दिया जाता है जिन्होंने इंडोनेशिया की अखंडता, संप्रभुता और सम्मान के लिए अद्भुत कार्य किए हों। सम्मान प्राप्त करने के बाद प्रधानमंत्री ने इंडोनेशिया की सरकार और वहां की जनता के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा, आज सुबह मुझे बहुत स्नेह और आदर के साथ इंडोनेशिया का सर्वोच्च सम्मान दिया गया है। यह सम्मान कोटि-कोटि भारतवासियों का है। यह इंडोनेशिया के लोगों की भावनाओं, भारत और इंडोनेशिया के ऐतिहासिक तथा आत्मीय संबंधों का सम्मान है। प्रधानमंत्री ने राष्ट्रपति सुबियांतो, इंडोनेशिया सरकार और वहां की जनता का हृदय से धन्यवाद देते हुए कहा कि यह सम्मान दोनों देशों के बीच गहरे विश्वास, मित्रता और सदियों पुराने सांस्कृतिक संबंधों का प्रतीक है।

**ट्रस्ट के पूर्व महासचिव चंपत राय ने रामभक्तों के नाम जारी की पाती, कहा**

# अभी मौन हूं, एसआईटी की पूरी रिपोर्ट आने के बाद जवाब दूंगा

**लखनऊ।** श्री रामजन्म भूमि मंदिर अयोध्या के दानपात्र चोरी प्रकरण को लेकर तीर्थ क्षेत्र के महासचिव पद से त्यागपत्र देने और ट्रस्ट की बैठक में उनका त्यागपत्र स्वीकार किए जाने के बाद वरिष्ठ प्रचारक चंपत राय ने मंगलवार को रामभक्तों के नाम पाती लिखी है। बड़े ही भावुक होकर उन्होंने लिखा है कि 'मैंने मौन धारण कर लिया है और एसआईटी की पूरी रिपोर्ट आने के बाद सभी बिंदुओं पर जवाब दूंगा।' वरिष्ठ प्रचारक चंपत राय द्वारा रामभक्तों के लिए लिखी गयी यह पाती सोशल मीडिया में जारी की गयी है। पाती में उन्होंने लिखा है कि 'पिछले 06 जून से श्रीराम जन्मभूमि मंदिर परिसर के दानपात्र की गणना के समय की गयी चोरी से संबंध में अनेक प्रकार की चचाएं चल रही हैं, व्यक्तिगत मेरे ऊपर अनेकों अनर्गल आरोप लगाए हैं, मैंने मौन धारण कर लिया है।' उन्होंने लिखा है कि मंदिर ट्रस्ट की 06 जुलाई को संपन्न बैठक में एसआईटी की प्रारंभिक रिपोर्ट प्रस्तुत की गयी। यह रिपोर्ट अब सार्वजनिक हो चुकी है, यद्यपि यह परम गोपनीय थी, आप सभी को आश्वस्त करता हूं कि एसआईटी की अंतिम रिपोर्ट आने के बाद फैलाए जा रहे सभी बिंदुओं पर अपना उत्तर क्रमानुसार दूंगा, सभी सत्य सामने आ जाएगा। वरिष्ठ संघ प्रचारक चंपत राय ने आगे यह भी लिखा है कि अक्टूबर 1991 से अयोध्या भेजा गया संगठन द्वारा मेरा प्रचारक जीवन 45 वर्ष से जहां-जहां मैं रहा, खुली पुस्तक के समान है।



### बदरीनाथ चढ़ावा प्रकरण : निजी सहायक निलंबित, शासन ने भी बनायी उच्चस्तरीय जांच समिति

**देहरादून/चमोली।** बदरीनाथ धाम में चढ़ावे एवं दान में अनियमितताओं के मामले में श्री बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति (बीकेटीसी) ने अध्यक्ष कार्यालय में तैनात वैयक्तिक सहायक प्रमोद नौटियाल को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। वहीं मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देश पर राज्य सरकार ने पूरे प्रकरण की जांच के लिए तीन सदस्यीय उच्चस्तरीय समिति का गठन किया है। बीकेटीसी की ओर से जारी आदेश के अनुसार प्रमोद नौटियाल को तीन जुलाई को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था। चार सदस्यीय आंतरिक जांच समिति की प्रारंभिक रिपोर्ट में प्रथम दृष्टया गंभीर अनियमितताओं के संकेत मिलने और जांच प्रभावित होने की आशंका को देखते हुए उन्हें निलंबित कर ज्योतिर्मठ स्थित बीकेटीसी कार्यालय से संबद्ध किया गया है। निलंबन अवधि में उन्हें नियमानुसार जीवन-निर्वाह भत्ता मिलेगा और बिना अनुमति मुख्यालय छोड़ने की अनुमति नहीं होगी। इस बीच शासन ने मंगलवार को मुख्यमंत्री के निर्देश पर मामले की गहन जांच के लिए गढ़वाल मंडल आयुक्त की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय उच्चस्तरीय समिति गठित की है। समिति में एनएचएम के प्रबंध निदेशक संदीप तिवारी और चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के निदेशक (वित्त) जगत सिंह चौहान सदस्य बनाए गए हैं। पर्यटन सचिव धीराज सिंह गर्ब्याल की ओर से जारी आदेश के अनुसार समिति बदरीनाथ धाम में दान-चढ़ावे से संबंधित कथित अनियमितताओं की विस्तृत जांच कर 15 दिनों के भीतर अपनी रिपोर्ट और संस्तुतियां शासन को सौंपेगी। समिति आवश्यकता पड़ने पर विशेषज्ञों और संबंधित अधिकारियों का सहयोग भी ले सकेगी तथा दान-चढ़ावा प्रबंधन प्रणाली को अधिक पारदर्शी और जवाबदेह बनाने के संबंध में सुझाव भी देगी।



# भाजपा की कोर कमेटी की बैठक में कई ज्वलंत मुद्दों पर चर्चा

**रांची।** भाजपा प्रदेश कार्यालय रांची में मंगलवार को पार्टी अध्यक्ष आदित्य साहू की अध्यक्षता में प्रदेश कोर कमेटी की बैठक संपन्न हुई। इस बैठक में राज्य की वर्तमान स्थिति के अलावा सांगठनिक विषयों पर भी लंबी चर्चा हुई। बैठक में राज्य में ध्वस्त कानून व्यवस्था, जेपीएससी में धांधली पर भाजपा काफी गंभीर दिखी। बैठक के बाद प्रदेश महामंत्री मनोज सिंह ने मीडिया को ब्रीफिंग करते हुए कहा कि पार्टी की इस बैठक में राज्य से जुड़े कई महत्वपूर्ण विषयों पर सार्थक चर्चा हुई। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की अकर्मण्यता के कारण पूरे प्रदेश की चरमराई विधि व्यवस्था पर गंभीर चर्चा हुई। आज राज्य में पुलिस के समक्ष हत्याएं हो रही हैं, पुलिस कस्टडी में ज्यादती हो रहा है, कानून व्यवस्था से जुड़े ऐसे कई मामले पर चर्चा की गई। उन्होंने कहा कि अभी बरसात का मौसम है, किसानों को समुचित खाद बीज कैसे उपलब्ध हो, इस बिंदु पर भी बात हुई। वहीं बैठक के दौरान सांगठनिक विषयों, एसआईआर में पार्टी की भूमिका पर भी चर्चा की गई। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू के अलावा नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी, संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा, राज्यसभा सांसद सह पूर्व प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष रविन्द्र कुमार राय, दिनेशानंद गोस्वामी, प्रदेश उपाध्यक्ष भानु प्रताप शाही, प्रदेश महामंत्री गणेश मिश्रा, अमर कुमार बाउरी और मनोज सिंह उपस्थित थे।

## न्यूज अपडेट्स

### नक्सली लक्ष्मण गंझू उर्फ कोहराम को हाइकोर्ट से मिली जमानत

**रांची।** झारखंड उच्च न्यायालय ने वर्ष 2002 के चर्चित नक्सली हमले से जुड़े मामले में आरोपित लक्ष्मण गंझू उर्फ कोहराम को जमानत दे दी। उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति रंगन मुखोपाध्याय और न्यायमूर्ति एके राय के खंडपीठ ने सुनवाई करते हुए आरोपित की अपील स्वीकार कर ली। खंडपीठ ने 19 मार्च 2026 को चतरा के प्रथम अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश की ओर से आरोपित लक्ष्मण गंझू की जमानत खारिज किए जाने के आदेश को रद्द कर दिया। खंडपीठ ने आरोपित को 10 हजार रुपये के निजी मुचलके और समान राशि के दो जमानतदारों पर रिहा करने का निर्देश दिया। साथ ही शर्त लगाई कि वह पर्याप्त कारण के अभाव में मुकदमे की समाप्ति तक प्रत्येक सुनवाई की तिथि पर ट्रायल कोर्ट में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित रहेगा। अभियोजन के अनुसार, पुलिस और उग्रवादियों के बीच हुई मुठभेड़ में कई पुलिसकर्मी मारे गए थे, कई घायल हुए थे और नक्सलियों ने पुलिस के हथियार और गोला-बारूद भी लूट लिए थे। मामले को लेकर चतरा सदर में कांड संख्या 24 /2002 दर्ज किया गया था। अपीलकर्ता लक्ष्मण गंझू की ओर से दलील दी गई थी कि उसका नाम सह-अभियुक्त प्यारे खान के कथित स्वीकारोक्ति बयान के आधार पर सामने आया है। साथ ही बताया गया कि वह 13 सितंबर 2022 से न्यायिक हिरासत में है और इसी मामले के कुछ सह-अभियुक्तों को पहले ही उच्च न्यायालय से जमानत मिल चुकी है।

**अध्यात्म** जगन्नाथपुर रथ यात्रा को लेकर डीसी ने किया निरीक्षण

# रथ मार्ग से हटेगा अतिक्रमण, सीसीटीवी से होगी निगरानी

**रांची।** जगन्नाथपुर रथ यात्रा को लेकर जिला प्रशासन ने मंगलवार को निरीक्षण किया। डीसी मंजूनाथ भजंत्री और वरीय पुलिस अधीक्षक राकेश रंजन ने रथ यात्रा मार्ग और मेला क्षेत्र का दौरा किया। इसके बाद प्रशासनिक भवन में अधिकारियों के साथ बैठक कर सुरक्षा, यातायात, स्वास्थ्य, स्वच्छता और विद्युत व्यवस्था को लेकर कई निर्देश दिए।



प्रशासन ने रथ यात्रा मार्ग को पूरी तरह अतिक्रमण मुक्त कराने के निर्देश दिए हैं। अवैध कब्जे हटाने की कार्रवाई शुरू करने को कहा गया है, ताकि रथ खींचने में श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी न हो। इसके अलावा मेला में एंबुलेंस और मेडिकल टीम भी मौजूद रहेगी। किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए स्वास्थ्य विभाग को अलर्ट रहने का निर्देश दिए है। विद्युत विभाग को सभी खुले बिजली के तारों की जांच कर सुरक्षित व्यवस्था सुनिश्चित करने और बैकअप की व्यवस्था रखने को कहा गया है। सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए पूरे रथ यात्रा मार्ग और मेला क्षेत्र में सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। कंट्रोल रूम से 24 घंटे निगरानी होगी। इसके साथ ही फायर ब्रिगेड की गाड़ियां रेडी-टू-मूव स्थिति में तैनात रहेंगी। मेला में नियमित सफाई, पर्याप्त संख्या में बायो टॉयलेट और पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए खोया-पाया केंद्र भी बनाया जाएगा। मीडिया कवरेज के लिए वॉच टावर भी बनाया जाएगा। बैठक में जगन्नाथपुर मेला समिति को आधिकारिक सोशल मीडिया अकाउंट बनाने का सुझाव दिया गया, ताकि यात्रा से जुड़ी सूचनाएं समय पर लोगों तक पहुंच सकें। स्वयंसेवकों को पहचान पत्र उपलब्ध कराने और उनकी विस्तृत ब्रीफिंग कराने के भी निर्देश दिए गए। इस दौरान पुलिस अधीक्षक (शहर) पारस राणा, यातायात एसपी राकेश सिंह, एडीएम लॉ एंड ऑर्डर धनंजय, सदर एसडीओ कुमार रजत, अपर प्रशासक रांची नगर निगम संजय कुमार, प्रशिक्षु आईएएस आस्था शरण, सिविल सर्जन डॉ. प्रभात कुमार, नजारत उप समाहर्ता डॉ. सुदेश कुमार, विद्युत एवं सड़क विभाग के अभियंता, डीएसपी हटिया एवं मुख्यालय, अग्निशमन पदाधिकारी, संबंधित थाना प्रभारी तथा जगन्नाथपुर मंदिर समिति के सदस्य मौजूद रहे।

## रांची के ऐतिहासिक जगन्नाथपुर मेले को सुचारू रुप से कराएं संपन्न

### उच्च न्यायालय का सरकार को निर्देश

**रांची।** झारखंड उच्च न्यायालय ने राज्य सरकार को धुर्वा के ऐतिहासिक जगन्नाथपुर मेले को सुचारु रुप से संपन्न कराने का निर्देश दिया है। उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति आनंदा सेन की अदालत ने सरकार से कहा कि इसी माह रांची में ऐतिहासिक




जगन्नाथपुर मेला लगने वाला है। ऐसे में मेले की सुरक्षा और श्रद्धालुओं के लिए समुचित व्यवस्था करने के लिए आवश्यक कदम उठाये जाएं। इससे पहले झारखंड हिंदू धार्मिक न्यास बोर्ड की ओर से रांची के जगन्नाथपुर मंदिर के संचालन और प्रबंधन को लेकर एक स्कीम प्रस्तुत के लिए अदालत से समय की मांग की गई। साथ ही कहा गया कि धुर्वा के ऐतिहासिक जगन्नाथपुर मेला 16 जुलाई से शुरू होगा। सरकार को जगन्नाथपुर मेले को लेकर समुचित व्यवस्था सुनिश्चत करने का निर्देश दिया जाए। सुनवाई के दौरान सरकार की ओर से बताया गया कि जगन्नाथपुर मंदिर की सुरक्षा के लिए वहां सातों दिन 24 घंटे के लिए पुलिस बल तैनात कर दिए गए हैं, वहां सशस्त्र पुलिस बल की भी तैनाती की गई है। अब मामले की अगली सुनवाई 22 जुलाई को होगी। इस मामले में झारखंड हिंदू धार्मिक न्यास बोर्ड की ओर से अधिवक्ता भरत कुमार ने पक्ष रखा। वहीं प्रार्थी की ओर से वरीय अधिवक्ता वीपी सिंह ने पक्ष रखा।

## मंत्री संजय सेठ के प्रयास से फुटबॉल खिलाड़ी के भाई का हुआ इलाज



**रांची।** रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ के प्रयासों से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर फुटबॉल जगत में रांची और झारखंड का नाम रोशन करने वाली ओरमांझी (रांची) की खिलाड़ी दिव्यानी लिंडा के भाई शिवा का एम्स, नई दिल्ली के जेपीएन एपेक्स ट्रॉमा सेंटर में सफल इलाज हुआ। लगभग एक महीने तक चले विशेषज्ञ उपचार के बाद शिवा की स्वास्थ्य स्थिति में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। मंगलवार को रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ स्वयं एम्स पहुंचे और शिवा को अपने नई दिल्ली स्थित आवास लेकर आए। कुछ वर्ष पूर्व एक गंभीर दुर्घटना में शिवा बुरी तरह घायल हो गया था। दुर्घटना के बाद उसकी स्थिति लगातार बिगड़ती गई और वह लंबे समय से बिस्तर पर रहने को विवश था। आर्थिक अभाव के कारण उसका समुचित उपचार भी संभव नहीं हो पा रहा था। मामले की जानकारी मिलने पर संजय सेठ ने उसके बेहतर इलाज की व्यवस्था की और उसे एम्स, नई दिल्ली में भर्ती कराया। पूर्व में रांची में हुए उपचार के दौरान शिवा के शरीर में कई नट-बोल्ट लगाए गए थे, जिनसे गंभीर संक्रमण का खतरा उत्पन्न हो गया था। एम्स के जेपीएन एपेक्स ट्रॉमा सेंटर में डॉ कमरान फारूक के नेतृत्व में चिकित्सकों की टीम ने सफलतापूर्वक सभी नट-बोल्ट निकालकर उसे अत्याधुनिक चिकित्सा उपलब्ध कराई। चिकित्सकों के अनुसार, एक समय शिवा का जीवन गंभीर खतरे में था, लेकिन अब वह पूरी तरह खतरे से बाहर है और तेजी से स्वस्थ हो रहा है। इस अवसर पर शिवा की माता, उसकी बहन और अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल खिलाड़ी दिव्यानी लिंडा एवं रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने चिकित्सकों तथा चिकित्सा दल के प्रति आभार प्रकट किया। संजय सेठ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा है कि देश के खिलाड़ियों के साथ-साथ उनके परिवारों की भी चिंता की जाए, ताकि खिलाड़ी पारिवारिक कठिनाइयों से मुक्त होकर पूरी एकाग्रता के साथ अपने खेल और देश के लिए उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सकें। इसी भावना के अनुरूप दिव्यानी लिंडा के परिवार को हरसंभव सहयोग उपलब्ध कराया गया है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि अगले दो दिनों में शिवा अपने गांव लौटेगा और शीघ्र ही पूर्णतः स्वस्थ होकर सामान्य जीवन की ओर लौटेगा। उन्होंने कहा कि यह हम सभी के लिए संतोष का विषय है कि अब शिवा फिर से अपने दोस्तों के साथ खेलेगा, पढ़ाई करेगा और नए उत्साह के साथ अपने जीवन की नई शुरूआत करेगा।

## भाकपा (माले) ने प्रदर्शन कर की प्रिंस खान की गिरफ्तारी की मांग

**रांची।** भाकपा (माले) ने प्रिंस खान की गिरफ्तारी की मांग को लेकर मंगलवार को अल्बर्ट एक्का चौक पर प्रदर्शन किया। मौके पर पार्टी के केंद्रीय कमेटी के सदस्य शुभेंदु सेन ने कहा कि धनबाद की घटनाओं और विधायक अरूप चटर्जी को मिली धमकियों ने कानून-व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े किए हैं। उन्होंने प्रिंस खान की शीघ्र गिरफ्तारी, सांसद ढुलू महतो के कथित संबंधों और संपत्ति की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की। मौके पर पार्टी ने विपक्ष पर माफिया तंत्र को संरक्षण देने, राजनीति के अपराधीकरण का आरोप लगाया। मौके पर विधायक अरूप चटर्जी को धमकी देने वाले की गिरफ्तारी, सांसद ढुलू महतो के कथित आपराधिक संबंधों और अवैध संपत्ति की उच्चस्तरीय जांच की मांग की गई। शुभेंदु सेन ने आरोप लगाया कि कोयलांचल क्षेत्र में भय का माहौल बनाया जा रहा है। निरसा एलिवेटेड हाईवे परियोजना में गुणवत्ता, प्रदूषण नियंत्रण और स्थानीय युवाओं को रोजगार देने की मांग को दबाने के बजाय सरकार को समाधान सुनिश्चित करना चाहिए।

**झारखंड के युवाओं में कौशल विकास के लिए चेंबर और जेएसडीएमएस के बीच हुआ एमओयू**

# प्रतिष्ठानों की आवश्यकताओं के अनुरूप दिया जाएगा रोजगार

**रांची।** फेडरेशन ऑफ झारखंड चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज (एफजेसीसीआई) और झारखंड स्किल डेवलपमेंट मिशन सोसाइटी (जेएसडीएमएस) के बीच मंगलवार को चेंबर भवन में एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किया गया। एमओयू का उद्देश्य राज्य के युवाओं के कौशल विकास, उद्योगों की आवश्यकता के अनुरूप प्रशिक्षित मानव संसाधन उपलब्ध कराने और रोजगार सृजन को



बढ़ावा देना है। इस एमओयू पर एफजेसीसीआई की ओर से अध्यक्ष आदित्य मल्होत्रा और झारखंड स्किल डेवलपमेंट मिशन सोसाइटी की ओर से शैलेन्द्र कुमार लाल, भाप्रसे, मिशन निदेशक-सह-मुख्य परिचालन ने हस्ताक्षर किया। इस अवसर पर एफजेसीसीआई की ओर से महासचिव रोहित अग्रवाल, उपाध्यक्ष राम बंगार, उपाध्यक्ष प्रवीण लोहिया, प्रियंक भगत और आलोक कुमार (अध्यक्ष, स्किल डेवलपमेंट सब-कमिटी) उपस्थित थे। वहीं झारखंड स्किल डेवलपमेंट मिशन सोसाइटी की ओर से राजन श्रीवास्तव (फाइनेंस मैनेजर), अमित प्रजापति (ऑपरेशन मैनेजर) और राजीव खरे (प्रोजेक्ट हेड, यूनाइटेड नेशंस डेवलपमेंट प्रोग्राम झ (यूएनडीपी) भी मौजूद थे। एमओयू के तहत झारखंड स्किल डेवलपमेंट मिशन सोसाइटी की ओर से मुख्यमंत्री सारथी योजना (एमएमएसवाई) के अंतर्गत प्रशिक्षित और प्रमाणित युवाओं को एफजेसीसीआई के सदस्य प्रतिष्ठानों की आवश्यकताओं के अनुरूप रोजगार उपलब्ध कराने की दिशा में कार्य किया जाएगा। साथ ही उद्योगों की मांग के अनुसार कौशल प्रशिक्षण, औद्योगिक भ्रमण, ऑन-द-जॉब ट्रेनिंग, अतिथि व्याख्यान और पाठ्यक्रम निर्माण में भी परस्पर सहयोग किया जाएगा। यह समझौता प्रारंभिक रूप से एक वर्ष के लिए प्रभावी रहेगा और आपसी सहमति से इसे आगे भी बढ़ाया जा सकेगा। एमओयू के अंतर्गत एफजेसीसीआई अपने सदस्य उद्योगों और प्रतिष्ठानों के माध्यम से रोजगार अवसर उपलब्ध कराने के लिए प्रयास करेगा। साथ ही यह सुनिश्चित करने का भी प्रयास किया जाएगा कि चयनित युवाओं को समय पर वेतन, न्यूनतम वेतनमान एवं बेहतर कार्य वातावरण उपलब्ध हो। इस अवसर पर एफजेसीसीआई अध्यक्ष आदित्य मल्होत्रा ने कहा कि यह साझेदारी झारखंड के युवाओं को उद्योगों की आवश्यकताओं के अनुरूप कौशल प्रदान कर उन्हें गुणवत्तापूर्ण रोजगार से जोड़ने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इससे उद्योगों को प्रशिक्षित मानव संसाधन उपलब्ध होगा और राज्य में रोजगार एवं औद्योगिक विकास को नई गति मिलेगी। वहीं महासचिव रोहित अग्रवाल ने विश्वास व्यक्त किया कि झारखंड स्किल डेवलपमेंट मिशन सोसाइटी के साथ यह सहयोग राज्य के युवाओं, उद्योग जगत और समग्र आर्थिक विकास के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध होगा।



# जलनिकासी दुरुस्त करने को चला सफाई अभियान

बंशीधर न्यूज

**कांडी :** पहली ही बारिश में कांडी मुख्य बाजार में जलजमाव की गंभीर समस्या सामने आने के बाद विधायक नरेश प्रसाद सिंह ने अपने निजी खर्च पर जाम नालियों की सफाई कराई। मिशन जनकल्याण अभियान के तहत चलाये गये इस अभियान में जेसीबी और ट्रैक्टर की मदद से मुख्य बाजार की नालियों से गाद एवं कचरा हटाकर जलनिकासी व्यवस्था को दुरुस्त किया गया। सफाई अभियान विधायक प्रतिनिधि आसित सिंह की देखरेख में संचालित हुआ। गौरतलब है कि हाल ही में हुई मध्यम बारिश के दौरान कांडी मुख्य बाजार जलमग्न हो गया था। सड़कें तालाब में तब्दील हो गई थीं, जिससे दुकानदारों, राहगीरों और स्थानीय लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। जलजमाव की समस्या को मीडिया में प्रमुखता से उठाये जाने के बाद विधायक ने तत्काल संज्ञान लेते हुये नालियों की सफाई कराने का निर्णय लिया। मौके पर सीओ राकेश सहाय ने कहा कि कुछ लोगों द्वारा नालियों में कचरा फेंकने के कारण जलनिकासी व्यवस्था बाधित हो रही है। ऐसे लोगों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने लोगों से अपील की कि यदि कोई व्यक्ति नालियों में कचरा डालता है तो इसकी सूचना प्रशासन को दें। सूचना देने वाले की पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जायेगी। स्थानीय लोगों ने वर्षों से चली आ रही जलजमाव की समस्या के समाधान की दिशा में शुरू किये गये इस अभियान का स्वागत किया। मौके पर थाना प्रभारी असफाक आलम, जिला परिषद प्रतिनिधि दिनेश कुमार सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

## न्यूज अपडेट्स

### समाहरणालय संवर्ग कर्मियों की वर्षों पुरानी मांग पूरी, पदनाम परिवर्तन पर जतायी खुशी

**मेदिनीनगर :** झारखंड सरकार के कार्मिक, प्रशासनिक सुधार एवं राजभाषा विभाग द्वारा समाहरणालय संवर्ग के विभिन्न पदों के नाम में परिवर्तन किए जाने की अधिसूचना जारी होने पर पलामू समाहरणालय के कर्मियों ने मुख्यमंत्री एवं विभाग के प्रति आभार जताया। विभागीय अधिसूचना अनुसार निम्नवर्गीय लिपिक का पदनाम अब सहायक, उच्च वर्गीय लिपिक का वरीय सहायक, प्रधान लिपिक का सहायक प्रशासी पदाधिकारी, कार्यालय अधीक्षक का प्रशासी पदाधिकारी ग्रेड-2 तथा प्रशासी पदाधिकारी का पदनाम प्रशासी पदाधिकारी ग्रेड-1 कर दिया गया है। झारखंड राज्य समाहरणालय संवर्ग कर्मचारी संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष सह जिलाध्यक्ष रंजय कुमार सिंह ने कहा कि यह कर्मचारियों की वर्षों पुरानी मांग थी। सरकार के इस निर्णय से कर्मचारियों की पहचान, गरिमा और दायित्व के अनुरूप पदनाम मिला है, जिससे पूरे संवर्ग में उत्साह का माहौल है। उन्होंने कहा कि यह निर्णय कर्मचारियों के मनोबल को बढ़ाने के साथ प्रशासनिक व्यवस्था को भी मजबूती देगा। इस अवसर पर संघ के वरीय उपाध्यक्ष अमरेश कुमार सिंह, जिला सचिव संजय प्रसाद, संरक्षक मोहम्मद शकील, सुशील कुमार तिवारी, घनश्याम दुबे, आशुतोष पांडेय, विकेश कुमार, मृत्युंजय सिंह, आनंद कुमार, मनोरंजन कुमार, रविंद्र यादव, राहुल कुमार, राम लखन राम, सुनील कुमार रजक और वीरेंद्र पासवान सहित बड़ी संख्या में कर्मचारी उपस्थित थे।

## गढ़वा डीसी ने समाहरणालय में की जनसुनवाई

# राशन, पेंशन और भूमि विवाद पर सुनवाई

बंशीधर न्यूज



**गढ़वा :** समाहरणालय सभागार में मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई में डीसी पशुपतिनाथ मिश्रा ने जिले के विभिन्न प्रखंडों से पहुंचे लोगों की समस्याएं सुनीं। राशन, पेंशन, भूमि विवाद, अवैध कब्जा, आवास, मुआवजा, अतिक्रमण, रोजगार, बकाया मजदूरी और सरकारी योजनाओं से जुड़े मामलों में प्राप्त शिकायतों के समाधान के लिये संबंधित अधिकारियों को शीघ्र कार्रवाई का निर्देश दिया। धुरकी प्रखंड के शिवरी गांव की सुजंती देवी ने बताया कि वर्ष 2024 से प्राथमिक विद्यालय शिवरी में रसोईया के रूप में कार्यरत रहने के बावजूद पिछले 15 माह से मानदेय का भुगतान नहीं हुआ है। उन्होंने आरोप लगाया कि उनका मानदेय पूर्व में कार्यरत रसोईया के खाते में भेजा जाता रहा। डीसी ने मामले की जांच कर भुगतान सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। रंका अंचल कार्यालय के सफाई कर्मी विकास कुमार चंद्रवंशी ने अगस्त 2018 से जनवरी 2019 तक के लंबित पारिश्रमिक के भुगतान की मांग की। उन्होंने बताया कि पूर्व में भी आवेदन देने के बावजूद भुगतान नहीं हुआ। रमना प्रखंड के कर्णपुरा गांव की प्रभावती देवी ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की राशि बंद होने की शिकायत करते हुये योजना का लाभ पुनः शुरू कराने का अनुरोध किया। भवनाथपुर प्रखंड के मकरी गांव की सुनीता देवी ने जमीन खरीद-बिक्री में धोखाधड़ी का आरोप लगाते हुये बताया की पूरी राशि देने के बाद भी जमीन की रजिस्ट्री नहीं हुई। उन्होंने संबंधित लोगों और हल्का कर्मचारी की मिलीभगत की जांच की मांग की। वहीं सदर प्रखंड के पोटमा निवासी कुलदीप तिवारी ने ऑनलाईन आवेदन देने के बावजूद भूमि सीमांकन नहीं होने की शिकायत दर्ज कराई। इसके अलावा जिले के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे अन्य फरियादियों ने भी अपनी समस्याएं डीसी के समक्ष रखीं। डीसी ने सभी मामलों में संबंधित विभागों के अधिकारियों को संवेदनशीलता एवं तत्परता के साथ शिकायतों का निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

## देशी कट्टा के साथ एक गिरफ्तार, अपहरण कांड का आरोपी भी धराया

बंशीधर न्यूज



**मेदिनीनगर :** पलामू पुलिस ने अलग-अलग कार्रवाई करते हुए अवैध हथियार के साथ एक अपराधी और अपहरण कांड के एक आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। एसपी कपिल चौधरी ने सोमवार को प्रेसवार्ता में कहा कि जिले में अपराध और अपराधियों के खिलाफ लगातार सख्त अभियान चलाया जा रहा है और कानून-व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने बताया कि शहर थाना क्षेत्र के दो नंबर टाउन कुम्हार टोली में छापेमारी कर नितेश शर्मा उर्फ राहुल शर्मा को गिरफ्तार किया गया। तलाशी के दौरान उसके पास से एक देशी कट्टा और एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ। आरोपी के विरुद्ध पहले से आर्म्स एक्ट के आधा दर्जन से अधिक मामले दर्ज हैं और वह कई बार जेल जा चुका है। वहीं दूसरी कार्रवाई में शहर थाना पुलिस ने बारालोटा से अपहरण कांड के आरोपी अमरेश यादव को गिरफ्तार किया। उस पर उपेंद्र भुईया का डालटनगंज रेलवे स्टेशन से अपहरण कर बंधक बनाने का आरोप है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई कर पीड़ित को सकुशल मुक्त कराया। प्रेसवार्ता में एसडीपीओ, शहर थाना प्रभारी सहित पुलिस विभाग के अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## मेडल नहीं, देश के भविष्य का सम्मान है यह उपलब्धि : अविनाश देव



**मेदिनीनगर :** ओलंपिक दिवस के अवसर पर जिला खेल विभाग की ओर से आयोजित जिला स्तरीय वूशु एवं एथलेटिक्स प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले संत मरियम स्कूल के खिलाड़ियों को विद्यालय की प्रार्थना सभा में सम्मानित किया गया। विद्यालय के चेयरमैन अविनाश देव ने विजेता खिलाड़ियों को मेडल एवं प्रशस्ति-पत्र देकर उनका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि बच्चों के हाथों में केवल मेडल नहीं, बल्कि देश का उज्ज्वल भविष्य है। विद्यालय शिक्षा के साथ खेल प्रतिभाओं को भी लगातार प्रोत्साहित करता रहेगा। उन्होंने विद्यार्थियों से किसी न किसी खेल से जुड़ने का आह्वान करते हुए कहा कि खेल अनुशासन, आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता का विकास करते हैं। प्रतियोगिता में वूशु (सांडा) स्पर्धा में हर्षि कुमार ने स्वर्ण, छोटू कुमार एवं विवेक कुमार ने रजत, जबकि कार्तिक कुमार, संकल्प वर्मा और आशीष गुप्ता ने कांस्य पदक जीता। एथलेटिक्स की 200 मीटर दौड़ में अलीमा ने कांस्य पदक हासिल किया। अविनाश देव ने खिलाड़ियों की सफलता का श्रेय प्रशिक्षक सुमित बर्मन की मेहनत और खिलाड़ियों के समर्पण को दिया।

## आर्ट ऑफ लिविंग से युवाओं व शिक्षकों को मिलेगा व्यक्तित्व विकास का नया मंच



**मेदिनीनगर :** नीलांबर-पीतांबर विश्वविद्यालय के तत्वावधान में झारखंड स्टेट फैकल्टी डेवलपमेंट अकादमी तथा द आर्ट ऑफ लिविंग के सहयोग से पांच दिवसीय यूथ एंपावरमेंट एंड स्किल डेवलपमेंट एवं फैकल्टी डेवलपमेंट कार्यक्रम का शुभारंभ रविवार को योध सिंह नामधारी महिला महाविद्यालय में हुआ। 10 जुलाई तक चलने वाले इस कार्यक्रम का उद्घाटन कुलपति प्रो डॉ दिनेश कुमार सिंह, छात्र कल्याण अधिष्ठाता कैप्टन डॉ एसके पांडेय, कुलसचिव प्रो डॉ नफीस अहमद, प्रभारी प्राचार्या डॉ मशरिक जहां, डॉ पीजी उषा मल पहाड़िया, विशाल कुमार, रिया तायल, कृति मिश्रा एवं सुमित कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। कुलपति प्रो डॉ दिनेश कुमार सिंह ने कहा कि बदलते दौर में युवाओं और शिक्षकों के लिए मानसिक संतुलन, सकारात्मक सोच और बेहतर संवाद बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि परीक्षा परिणाम में विलंब जैसी परिस्थितियों से विद्यार्थियों में तनाव बढ़ता है, लेकिन विश्वविद्यालय उनकी समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए गंभीरता से कार्य कर रहा है। कुलसचिव प्रो डॉ नफीस अहमद ने कहा कि आर्ट ऑफ लिविंग व्यक्ति को तनावमुक्त जीवन, आत्मविश्वास और सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाने की प्रेरणा देता है। कार्यक्रम का संचालन डॉ संगीता कुजूर तथा धन्यवाद ज्ञापन डॉ सुप्रिया सोनालिका ने किया।

## उन्नत बीज का लाभ उठाकर पैदावार बढ़ाएं किसान : नीतू सिंह



**पांडू :** राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन के तहत अरहर एवं उड़द बीज के क्लस्टर चयन को लेकर मंगलवार को प्रखंड कार्यालय में प्रमुख नीतू सिंह की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रखंड की सभी पंचायतों में अरहर एवं उड़द के उन्नत बीज समान मात्रा में उपलब्ध कराने का निर्णय लिया गया। ताकि अधिक से अधिक किसान योजना का लाभ उठा सकें। बैठक को संबोधित करते हुये प्रमुख नीतू सिंह ने किसानों से सरकार की योजनाओं का अधिकाधिक लाभ लेने की अपील की। उन्होंने कहा कि उन्नत बीजों के उपयोग से फसल उत्पादन में वृद्धि होगी। जिससे किसानों की आय बढ़ेगी और वे आर्थिक रूप से अधिक सशक्त बन सकेंगे। बैठक में सांसद प्रतिनिधि प्रेम सागर सिंह, प्रखंड कृषि पदाधिकारी विवेक पाल, बीटीएम युसूफ आजाद, शमशेर अंसारी, किसान मित्र सन्नी सिंह, विश्वनाथ यादव, सुशील सिंह, श्यामा राम सहित बड़ी संख्या में किसान उपस्थित थे।

## एसआईआर अभियान में सहयोग नहीं करने पर एक्शन

# बीडीओ ने नौ वोलेंटियरों को भेजा नोटिस

बंशीधर न्यूज



**कांडी :** प्रखंड में चल रहे विशेष गहन मतदाता पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान में बीएलओ को अपेक्षित सहयोग नहीं देने के आरोप में नौ वोलेंटियर से सीओ राकेश सहाय ने स्पष्टीकरण मांगा है। इस संबंध में जारी पत्र में सभी संबंधित वोलेंटियर को 8 जुलाई की सुबह 10 बजे कार्यालय में उपस्थित होकर अपना लिखित जवाब प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया है। जारी पत्र के अनुसार बूथ संख्या 52 के रंजय कुमार, बूथ संख्या 54 के अरुण कुमार, बूथ संख्या 56 के ललन कुमार राम, बूथ संख्या 57 के सहाबुद्दीन, बूथ संख्या 59 के रमेश राम, बूथ संख्या 60 के रामाश्रय साह, बूथ संख्या 31 के सत्येंद्र पांडेय, बूथ संख्या 32 के सुशील कुमार दुबे तथा बूथ संख्या 33 के धर्मेंद्र राम से स्पष्टीकरण मांगा गया है। सीओ ने पत्र में कहा है कि विशेष गहन मतदाता पुनरीक्षण कार्य को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरा कराने के लिये इन वोलेंटियरों को संबंधित बीएलओ के सहयोग हेतु प्रतिनियुक्त किया गया है। उन्होंने कहा कि प्रखंड के सहायक अध्यापक, सहायक आचार्य एवं सहायक शिक्षकों को भी इस अभियान में लगाया गया है। इसके बावजूद संबंधित वोलेंटियरों द्वारा कार्य में अपेक्षित सहयोग नहीं किया जा रहा है, जो गंभीर लापरवाही की श्रेणी में आता है। राकेश सहाय ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग ने स्पष्ट निर्देश दिया है कि वर्तमान में एसआईआर अभियान से अधिक महत्वपूर्ण कोई कार्य नहीं है। इसके बावजूद संबंधित वोलेंटियरों द्वारा इस कार्य की उपेक्षा की जा रही है, जिससे अभियान प्रभावित हो सकता है। उन्होंने सभी वोलेंटियरों से पूछा है कि वे एसआईआर कार्य में सहयोग क्यों नहीं कर रहे हैं तथा उनके विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई की अनुशंसा क्यों नहीं की जाय।

# राज्य स्तरीय खो-खो प्रतियोगिता के लिए बालिका खिलाड़ियों का चयन



**बंशीधर न्यूज**

**मेदिनीनगर :** पलामू जिला खो-खो एसोसिएशन के तत्वावधान में जीएलए कॉलेज के समीप जिला स्तरीय सब-जूनियर बालिका खो-खो चयन प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में जिले के विभिन्न विद्यालयों की 70 बालिका खिलाड़ियों ने भाग लिया। उद्घाटन पलामू जिला ओलंपिक संघ के वरीय उपाध्यक्ष सह कार्यकारी खो-खो अध्यक्ष कमलानंद दुबे, एथलेटिक्स संघ के अध्यक्ष अजातशत्रु प्रसाद सिन्हा एवं जिला ओलंपिक संघ के सचिव संजय कुमार त्रिपाठी ने संयुक्त रूप से किया।

प्रतियोगिता का संचालन खो-खो कोच सह कार्यकारी सचिव निरंतर कुमार तथा कोच प्रीति कुमारी ने किया, जबकि रेफरी की जिम्मेदारी रमन सिंह और हीरा ठाकुर ने निभाई। चयनित खिलाड़ियों को अगले दो दिनों तक बारालोटा एथलेटिक्स स्टेडियम में विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण में बेहतर प्रदर्शन करने वाली खिलाड़ी रजरप्पा (रामगढ़) में आयोजित राज्य स्तरीय सब-जूनियर खो-खो प्रतियोगिता में पलामू का प्रतिनिधित्व करेंगी। चयनित खिलाड़ियों में फिजा परवीन, सोनी खातून, पल्लक कुमारी, संस्कृति काकन, रितिका कुमारी, अमृता कुमारी, अनन्या कुजूर, संजना कुमारी, निकिता केरकेट्टा, कोमल कच्छप, शिवांगी कुजूर, वैष्णवी कुमारी और रानी कुमारी सहित अन्य खिलाड़ी शामिल हैं।

## न्यूज अपडेट्स

### बैंक प्रबंधक पर कार्रवाई की मांग



**गढ़वा :** झामुमो के केंद्रीय समिति सदस्य मनोज ठाकुर ने बड़गढ़ प्रखंड के एक बैंक प्रबंधक पर गंभीर आरोप लगाते हुये कहा है कि ई-केवाईसी के नाम पर गरीब, बुजुर्ग और असहाय लोगों को लगातार परेशान किया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि इसी लापरवाही के कारण प्रखंड के बुजुर्ग आदिवासी रतन लकड़ा को समय पर इलाज के लिये अपने खाते से राशि नहीं मिल सकी और उपचार के अभाव में उनकी मौत हो गई। मनोज ठाकुर ने जारी बयान में कहा कि रतन लकड़ा को पिछले दो-तीन महीनों से ई-केवाईसी कराने के नाम पर बार-बार बैंक का चक्कर लगवाया जा रहा था। करीब एक माह पहले परिजन उन्हें गंभीर बीमारी की हालत में किसी तरह बैंक लेकर पहुंचे और बैंक प्रबंधक तथा कर्मियों से बाहर आकर अंगूठे का निशान लेने का अनुरोध किया। परिजनों ने बैंक अधिकारियों को यह भी बताया कि रतन लकड़ा चलने-फिरने की स्थिति में नहीं हैं, लेकिन उनकी बात नहीं सुनी गई। उन्होंने दावा किया कि झामुमो कार्यकर्ताओं के विरोध और हंगामे के बाद बैंक कर्मी चुपचाप रतन लकड़ा के घर पहुंचे और उनका अंगूठा निशान लिया, लेकिन इसके बावजूद ई-केवाईसी की प्रक्रिया पूरी नहीं की गई। उनका आरोप है कि खाते से राशि नहीं निकल पाने के कारण रतन लकड़ा का समुचित इलाज नहीं हो सका और उनकी मौत हो गई। झामुमो नेता ने संबंधित बैंक प्रबंधक को तत्काल बर्खास्त करने, रतन लकड़ा की मौत के मामले में प्राथमिकी दर्ज कर निष्पक्ष जांच कराने तथा जिले के बैंकों की नियमित जांच कराने की मांग की है।

## रेलवे — सांसद वीडी राम ने उठाए 42 अहम मुद्दे

# पलामू के रेल नेटवर्क को मजबूत करने की मांग

**बंशीधर न्यूज**



**मेदिनीनगर :** सांसद विष्णु दयाल राम ने पटना में आयोजित पूर्व मध्य रेल क्षेत्रीय रेल उपयोगकर्ता परामर्शदात्री समिति (जेडयूआरसीसी) की बैठक में पलामू संसदीय क्षेत्र से जुड़े रेल विकास, यात्री सुविधाओं और नई रेल परियोजनाओं के 42 महत्वपूर्ण मुद्दे उठाए। उक्त बैठक में कई सांसद, पूर्व मध्य रेलवे हाजीपुर के नियम छत्रसाल सिंह, रेलवे के वरिष्ठ अधिकारी, समिति के सदस्य एवं जनप्रतिनिधि मौजूद थे।

सांसद के निजी सचिव अलख दुबे ने बताया कि बैठक में सांसद ने कहा कि केंद्र सरकार का उद्देश्य यात्रियों को बेहतर रेल सुविधाएं उपलब्ध कराना और क्षेत्र में रेल अवसंरचना का तेजी से विकास करना है। उन्होंने मेल ट्रेनों की तुलना में पैसेंजर ट्रेनों की मात्र 43 प्रतिशत समयपालन पर चिंता जताते हुए इसमें सुधार की आवश्यकता बताई।

बैठक में उन्होंने बरवाडीह-चिरमिरी-अंबिकापुर रेल लाइन का निर्माण शीघ्र पूरा करने, बड़गढ़ एवं भंडरिया को परियोजना से जोड़ने तथा गया-रफीगंज-इमामगंज-डालटनगंज नई रेल लाइन के निर्माण की मांग की। इसके अलावा टाटा-वाराणसी वंदे भारत को डालटनगंज, गढ़वा रोड और जपला होकर चलाने, गढ़वा टाउन-रांची मेमू, चोपन-देवघर, रांची-गोरखपुर तथा डालटनगंज-अजमेर नई ट्रेन शुरू करने का आग्रह किया।

सांसद ने बरवाडीह-डेहरी पैसेंजर का सासाराम-आरा तक विस्तार, रांची-वाराणसी इंटरसिटी को लखनऊ तक बढ़ाने, शक्तिपुंज एक्सप्रेस को मुंबई तक विस्तारित करने तथा रांची-नई दिल्ली गरीब रथ के फेरे सप्ताह में तीन से बढ़ाकर छह दिन करने की मांग भी रखी। साथ ही राजधानी, गरीब रथ, हावड़ा-भोपाल, सिंगरौली-पटना, रांची-चोपन, रांची-सासाराम, पलामू एक्सप्रेस, धनबाद-एलटीटी और अन्य ट्रेनों का विभिन्न स्टेशनों पर ठहराव देने का आग्रह किया।

उन्होंने डालटनगंज स्टेशन पर पिट लाइन एवं वाशिंग लाइन, प्रमुख स्टेशनों पर टिकट वेंडिंग मशीन, हरिहरगंज, छतरपुर और उटारी में आरक्षण केंद्र खोलने, अमृत भारत स्टेशनों के पुनर्विकास में तेजी लाने तथा सभी रोड साइड स्टेशनों पर पेयजल, उच्च स्तरीय प्लेटफॉर्म और फुट ओवरब्रिज की व्यवस्था करने की मांग की। इसके अलावा एलएचएस, आरयूबी और आरओबी में जल निकासी की स्थायी व्यवस्था, बंद रेल मार्गों को पुनः चालू करने तथा विभिन्न स्थानों पर नए आरओबी एवं आरयूबी के निर्माण का भी प्रस्ताव रखा।

## 56 अभ्यर्थियों को मिला लर्निंग लाइसेंस



**रमना :** झारखंड सरकार के परिवहन विभाग की ओर से संचालित परिवहन कार्यालय आपके द्वार अभियान के तहत रमना पंचायत भवन में शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में लर्निंग लाईसेंस बनवाने के लिये सुबह से ही बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। शिविर में दस्तावेजों के सत्यापन से लेकर कंप्यूटर आधारित लर्निंग टेस्ट तक की पूरी प्रक्रिया एक ही स्थान पर पूरी कराई गई। टेस्ट में सफल 56 अभ्यर्थियों को जिला परिवहन पदाधिकारी धीरज प्रकाश ने अपने हाथों से लर्निंग लाइसेंस प्रदान किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि परिवहन विभाग की यह पहल ग्रामीण क्षेत्रों में सरकारी सेवाओं की पहुंच बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। भविष्य में भी ऐसे शिविरों का आयोजन कर अधिक से अधिक लोगों को लाभ पहुंचाया जायेगा। डीटीओ ने बताया कि शिविर में आने वाले इच्छुक आवेदकों को पहले सारथी पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन करना होगा। आवेदन की प्रति, ऑनलाइन शुल्क भुगतान रसीद, आधार कार्ड, निवास प्रमाण पत्र, वोटर आईडी अथवा मैट्रिक की मार्कशीट (आयु प्रमाण), पासपोर्ट आकार का फोटो और ब्लड ग्रुप की जानकारी साथ लाना अनिवार्य है। मौके पर प्रधान सहायक अरविन्द सिंह, सड़क सुरक्षा प्रबंधक संजय बैठा, सड़क अभियात्रिकी विश्लेषक विनय रंजन तिवारी, आईटी सहायक नीरज पाण्डेय, कंप्यूटर ऑपरेटर चन्दन सिंह, अतुल रंजन सिन्हा, सूरज प्रकाश चंद्रवंशी सहित परिवहन विभाग के अन्य अधिकारी-कर्मी, पंचायत प्रतिनिधि आदि उपस्थित थे।

## पति-भसुर पर मारपीट, प्रताड़ना और जान से मारने की धमकी का आरोप



**मेराल :** थाना क्षेत्र में पारिवारिक विवाद अब पुलिस तक पहुंच गया है। एक दिन पहले जिस युवक के पिता ने अपने पुत्र पर चोरी और मारपीट का आरोप लगाते हुये थाना में शिकायत दर्ज कराई थी, उसके अगले ही दिन युवक की पत्नी ने भी पति और भसुर के खिलाफ गंभीर आरोप लगाते हुये मेराल थाना में आवेदन दिया है। पुलिस दोनों पक्षों के आरोपों की जांच में जुट गई है। पूवार्रा टोला निवासी एवं झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाईटी (जेएसएलपीएस) में ब्लॉक स्तरीय जेंडर सीआरपी के पद पर कार्यरत समता देवी ने अपने आवेदन में आरोप लगाया है कि उनके पति सूर्यकांत मेहता और भसुर चन्द्रकांत मेहता लंबे समय से उनके साथ मारपीट, मानसिक प्रताड़ना और अभद्र व्यवहार करते आ रहे हैं। उन्होंने बताया कि जब वह अपने पति को घर वापस लाने गईं, तब उनके भसुर ने उनके साथ गाली-गलौज की, मारपीट की और पति को अपने साथ लेकर चले गये। पीड़िता ने आवेदन में यह भी आरोप लगाया है कि पति और भसुर ने घर का गैस सिलेंडर, चूल्हा, बर्तन, कपड़े सहित अन्य घरेलू सामान ले जाकर बेच दिया। इसके अलावा दोनों पर पारिवारिक जमीन बेचने की कोशिश करने और विरोध करने पर पिस्तौल दिखाकर जान से मारने की धमकी देने का भी आरोप लगाया गया है। समता का कहना है कि दोनों आरोपी कई बार उनके कार्यस्थल पर पहुंचकर अभद्र व्यवहार करते हैं तथा नौकरी छोड़ने का दबाव बनाते हैं, जिससे उन्हें मानसिक और सामाजिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। महिला ने मेराल थाना पुलिस से मामले की निष्पक्ष जांच कराने, आरोपितों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई करने तथा स्वयं और अपने परिवार की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की है। इधर पुलिस का कहना है कि आवेदन प्राप्त हुआ है। मामले की जांच की जा रही है और जांच में जो तथ्य सामने आएंगे, उनके आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जायेगी।

## प्रखंड स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता में सहोदय व प्रोजेक्ट गर्ल्स हाई स्कूल का शानदार प्रदर्शन

**बंशीधर न्यूज**



**मेदिनीनगर :** शाहपुर स्थित सहोदय उच्च विद्यालय के खेल मैदान में मंगलवार को प्रखंड स्तरीय फर्स्ट लिटिल चैंपियन फुटबॉल टूनार्मेंट एवं सुब्रतो फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का उद्घाटन बीपीओ नीरज कुमार ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। उन्होंने कहा कि खेल विद्यार्थियों के शारीरिक, मानसिक और बौद्धिक विकास का सशक्त माध्यम है। खिलाड़ियों को खेल भावना, अनुशासन और टीम वर्क के साथ प्रतियोगिता में भाग लेना चाहिए। फाइनल मुकाबलों में बालिका वर्ग का खिताब प्रोजेक्ट गर्ल्स हाई स्कूल, चैनपुर ने अपने नाम किया, जबकि बालक वर्ग में मेजबान सहोदय उच्च विद्यालय, शाहपुर की टीम चैंपियन बनी। विजेता खिलाड़ियों को अतिथियों ने बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर अजय कुमार पांडेय, शिवम कुमार, चंदन कुमार, प्रोजेक्ट गर्ल्स हाई स्कूल की प्रधानाचार्य सिंधु यादव, सहोदय उच्च विद्यालय के प्राचार्य फादर विनोद केरकेट्टा सहित कई शिक्षक, खेल प्रेमी एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## पर्यावरण संरक्षण का संदेश, पौधों की नियमित देखभाल का लिया संकल्प

# इनर व्हील क्लब ने लगाये 15 फलदार पौधे

**बंशीधर न्यूज**




**गढ़वा :** अंतरराष्ट्रीय महिला स्वयंसेवी संस्था इनर व्हील से संबद्ध इनर व्हील क्लब ऑफ गढ़वा ग्लोरियस ने नये सत्र 2026-27 की शुरूआत पर्यावरण संरक्षण के संकल्प के साथ की। क्लब की ओर से टंडवा स्थित सोनी गुप्ता के फार्महाउस परिसर में पौधारोपण अभियान चलाकर 15 फलदार पौधे लगाये गये। इस दौरान पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए सभी सदस्यों ने पौधों की नियमित देखभाल करने का भी संकल्प लिया। अभियान के तहत आम, जामुन, पपीता, अनार, नींबू और अमरूद समेत विभिन्न फलदार पौधों का रोपण किया गया। क्लब की सदस्यों ने कहा कि पौधारोपण केवल पर्यावरण संरक्षण का माध्यम नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ और स्वस्थ वातावरण देने की जिम्मेदारी भी है। इन पौधों से भविष्य में हरियाली बढ़ेगी और पर्यावरण संतुलन बनाये रखने में मदद मिलेगी। कार्यक्रम का नेतृत्व क्लब की नवनियुक्त अध्यक्ष दीपाली अग्रवाल, पर्यावरण प्रोजेक्ट चेयरपर्सन सोनी गुप्ता, सचिव अंकिता अग्रवाल तथा उपाध्यक्ष विनीता आनंद ने किया। मौके पर अध्यक्ष दीपाली अग्रवाल ने कहा कि इनर व्हील क्लब हमेशा से महिला सशक्तीकरण, स्वास्थ्य, शिक्षा और पर्यावरण संरक्षण जैसे सामाजिक सरोकारों से जुड़े कार्यों में सक्रिय रहा है। नये सत्र में भी क्लब समाजहित में कई जनकल्याणकारी कार्यक्रम आयोजित करेगा। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल एक दिन का अभियान नहीं, बल्कि प्रत्येक व्यक्ति की निरंतर जिम्मेदारी है। यदि हर व्यक्ति एक पौधा लगाकर उसकी देखभाल करे तो आने वाले समय में पर्यावरण संरक्षण की दिशा में बड़ा बदलाव संभव है। पौधारोपण अभियान में क्लब की सदस्य शोभा सोनी, शोभा कश्यप, ममता कश्यप, प्रीति कश्यप, श्वेता सोनी, अर्चना कश्यप, निशा जायसवाल, रजनी गुप्ता, रुचि अग्रवाल, शालिनी अग्रवाल, डॉ प्रीति गुप्ता, प्रीति गुप्ता सहित अन्य सदस्य उपस्थित थी।



## रोहन ठक्कर की दुल्हन बनीं अंशुला कपूर

फिल्म निमार्ता बोनी कपूर की बेटी और अभिनेता अर्जुन कपूर की बहन अंशुला कपूर ने अपने मंगेतर रोहन ठक्कर के साथ विवाह कर लिया। शादी समारोह परिवार और करीबी रिश्तेदारों की मौजूदगी में बेहद निजी अंदाज में हुआ। विवाह की तस्वीरें सामने आते ही सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गईं, जिन पर प्रशंसक और फिल्मी हस्तियां नवविवाहित जोड़े को शुभकामनाएं दे रहे हैं। इस खास मौके पर बोनी कपूर और अर्जुन कपूर ने पारिवारिक जिम्मेदारियां निभाईं। अंशुला ने अपनी शादी में ट्रेंड से हटकर पारंपरिक भारतीय रंगों को चुना। उन्होंने कोरल पीच रंग का खूबसूरत लहंगा पहना, जबकि रोहन ठक्कर बेज रंग की शेरवानी और पगड़ी में नजर आए। शादी की तस्वीरों में दोनों पारंपरिक रस्में निभाते और खुश नजर आए। वहीं जाह्नवी कपूर और खुशी कपूर ने भी बहनों का फर्ज निभाते हुए सिंदूर दान की रस्म में हिस्सा लिया, जिससे समारोह और भी भावुक बन गया। शादी का सबसे भावुक पल तब देखने को मिला जब अंशुला ने अपनी दिवंगत मां मोना शौरी कपूर की तस्वीर मंडप में अपने साथ रखी। इस भावनात्मक श्रद्धांजलि ने सभी का दिल छू लिया। अंशुला और रोहन की शादी सादगी, पारिवारिक मूल्यों और भावनात्मक जुड़ाव की मिसाल बनकर सामने आई है, जिसकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर लगातार चर्चा में बनी हुई हैं।

## कृति सेनन ने एग्स फ्रीज कराने के फैसले पर तोड़ी चुप्पी



अभिनेत्री कृति सेनन ने अपनी निजी जिंदगी से जुड़ा एक अहम खुलासा करते हुए बताया है कि उन्होंने कुछ साल पहले अपने एग्स फ्रीज करवाए थे। ह्यूमंस ऑफ बॉम्बे के पॉडकास्ट में बातचीत के दौरान कृति ने कहा कि यह फैसला उन्होंने पूरी समझदारी और भविष्य को ध्यान में रखते हुए लिया था। उन्होंने बताया कि यह प्रक्रिया उन्होंने फिल्म 'मिमी' की शूटिंग शुरू होने से पहले पूरी कराई थी, जब उन्हें फिल्म के लिए वजन बढ़ाना था। कृति ने बताया कि एक करीबी व्यक्ति की सलाह के बाद उन्होंने इस विषय पर गंभीरता से विचार किया। अभिनेत्री के मुताबिक, जब उन्हें 'मिमी' के लिए वजन बढ़ाने की तैयारी करनी थी, तब उन्हें लगा कि यही एग्स फ्रीज कराने का सबसे उपयुक्त समय है। उन्होंने कहा कि इस प्रक्रिया में हार्मोनल इंजेक्शन दिए जाते हैं, जिससे शरीर में बदलाव और पेट फूलने जैसी स्थितियां हो सकती हैं। चूंकि वह पहले से ही फिल्म के लिए शारीरिक बदलाव कर रही थीं, इसलिए उन्होंने उसी दौरान यह प्रक्रिया पूरी कराई। एग्स फ्रीजिंग एक ऐसी चिकित्सा प्रक्रिया है, जिसमें महिला के अंडों को भविष्य में मातृत्व की संभावना बनाए रखने के लिए सुरक्षित रखा जाता है। कृति ने पहली बार सार्वजनिक रूप से इस फैसले पर खुलकर बात की है। काम के मोर्चे पर अभिनेत्री हाल ही में शाहिद कपूर और रश्मिका मंदाना के साथ फिल्म 'कॉकटेल 2' में नजर आई थीं।

## पाकिस्तान के प्रांत बलोचिस्तान में पुलिस चौकी पर हमला, दो एसएचओ समेत नौ जवान और 15 आतंकी मारे गए




# मातृ-शिशु स्वास्थ्य व टीबी नियंत्रण पर दें विशेष ध्यान : डीसी

### स्वास्थ्य सेवाओं में लापरवाही बर्दाश्त नहीं

**बंशीधर न्यूज**



**मेदिनीनगर :** डीसी दिलीप प्रताप सिंह शेखावत ने जिला स्वास्थ्य समिति की मासिक समीक्षा बैठक में स्वास्थ्य विभाग की विभिन्न योजनाओं एवं राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों की प्रखंडवार प्रगति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को स्वास्थ्य सेवाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं बरतने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि सभी गर्भवती महिलाओं का समय पर पंजीकरण, नियमित प्रसव पूर्व जांच तथा शत-प्रतिशत संस्थागत प्रसव सुनिश्चित किया जाए। मई 2026 तक जिले में संस्थागत प्रसव 95 प्रतिशत तथा पूर्ण टीकाकरण 94 प्रतिशत दर्ज किया गया है, जिसे और बेहतर बनाने के लिए नियमित मॉनिटरिंग और स्वास्थ्यकर्मियों की सक्रिय भागीदारी जरूरी है। डीसी ने गंभीर कुपोषित बच्चों की समय पर पहचान कर उन्हें एमटीसी में भर्ती कराने तथा स्वास्थ्य एवं समाज कल्याण विभाग के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने का निर्देश दिया। टीबी उन्मूलन अभियान की समीक्षा के दौरान उन्होंने अधिक से अधिक लोगों, स्वयंसेवी संस्थाओं और कॉरपोरेट संस्थानों को निक्षय मित्र अभियान से जोड़ने पर बल दिया। बैठक में विश्व जनसंख्या स्थिरता पखवाड़ा की तैयारियों, आयुष्मान भारत योजना तथा एबीएचए आईडी निर्माण की भी समीक्षा की गई। मौके पर सिविल सर्जन, एमएमसीएच अधीक्षक, जिला कार्यक्रम प्रबंधक, विभिन्न राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों के पदाधिकारी, सभी प्रखंड चिकित्सा पदाधिकारी एवं स्वास्थ्य विभाग के अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## राणाडीह पंचायत के मुखिया ललित बैठा ने जिम्मेदारी का दिया परिचय, पंचायत में बांटा स्वयं गणना प्रपत्र



**कांडी :** विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान के तहत मतदाता गणना कार्य को सफल बनाने के लिये जनप्रतिनिधियों की सक्रिय भागीदारी की आवश्यकता पर जोर दिया जा रहा है। इसी क्रम में राणाडीह पंचायत के मुखिया ललित बैठा ने जिम्मेदारी का परिचय देते हुये स्वयं गणना प्रपत्र (फॉर्म) लेने पहुंचे और अपने हाथों से फॉर्म वाहन में रखकर पंचायत में वितरण की व्यवस्था सुनिश्चित की। मुखिया की इस पहल की सराहना करते हुये बीडीओ राकेश सहाय ने कहा कि एसाईआर का कार्य काफी चुनौतीपूर्ण है। क्षेत्र में कार्यरत बीएलओ विभिन्न कठिनाईयों का सामना कर रहे हैं। यदि पंचायत प्रतिनिधि सहयोग करें तो फॉर्म का वितरण, भरवाने और संग्रह करने का कार्य काफी आसान हो सकता है। बीडीओ सहाय ने मुखिया अमित दुबे कि भी सराहना करते हुये कहा कि मुखिया अमित दुबे पूरे दिन पंचायत भवन में बैठकर गणना फॉर्म के वितरण एवं डिजिटाईजेशन कार्य में सहयोग किये हैं। उनसे प्रेरणा लेते हुये सभी पंचायतों के मुखियाओं से अपील की गई है कि वे अपने-अपने क्षेत्र के बीएलओ के साथ समन्वय स्थापित कर मतदाताओं तक फॉर्म पहुंचाने, उसे भरवाकर वापस जमा कराने में सहयोग करें, ताकि बीएलओ समय पर उसका डिजिटाईजेशन कर सकें। जानकारी के अनुसार समय पर फॉर्म जमा नहीं होने पर बड़ी संख्या में मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से हटने की आशंका जताई जा रही है। इसलिये सभी जनप्रतिनिधियों एवं मतदाताओं से इस अभियान में सक्रिय सहयोग करने की अपील की गई है, ताकि प्रत्येक पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में सुरक्षित रह सके।


## बोलेरो की टक्कर से पांच वर्षीय बच्ची घायल, चालक वाहन लेकर फरार



**ऊंटारी रोड :** थाना क्षेत्र के पाण्डेयपुरा मुख्य पथ पर मंगलवार दोपहर तेज रफ्तार अज्ञात बोलेरो की चपेट में आने से पांच वर्षीय बच्ची रिंकू कुमारी गंभीर रूप से घायल हो गई। हादसे के बाद चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बच्ची सड़क किनारे थी, तभी तेज गति से आ रही बोलेरो ने उसे टक्कर मार दी। घटना के बाद आसपास के ग्रामीण मौके पर जुट गये और इसकी सूचना थाना प्रभारी संतोष गिरी को दी। सूचना मिलते ही एएसआई उदय पासवान पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस ने तत्काल एंबुलेंस की व्यवस्था कर घायल बच्ची को इलाज के लिये विश्रामपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजवाया। जहां उसका उपचार जारी है। पुलिस ने अज्ञात बोलेरो और उसके चालक की तलाश शुरू कर दी है। आसपास के क्षेत्रों में वाहन की पहचान के लिये छानबीन की जा रही है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच जारी है और वाहन की पहचान होते ही विधिसम्मत कार्रवाई की जायेगी।

## कांडी मुख्यालय की लाईफ लाईन चोंरांटी नदी बनी कूड़ादान, नदी के अस्तित्व को मिटाने पर उतरे कांडीवासी

**अभिषेक पांडेय**



**कांडी :** प्रखंड मुख्यालय की लाईफ लाईन मानी जानी वाली चोंरांटी नदी कांडी वासियों का कूड़ादान बन कर रह गई है। जिला मुख्यालय गढ़वा स्थित सरस्वती नदी की मिटती अस्तित्व को बचाने के लिये प्रशासन से लेकर, मीडिया, राजनीतिक व सामाजिक स्तर पर बड़ा अभियान चलाकर जागरूक किया गया और कई जेसीबी के द्वारा इसकी सफाई के लिये महीनों मशीन चले। कुछ इसी तरह की स्थिति कांडी के चोंरांटी नदी की हो गयी है। कांडी के लोग इस नदी को ही कूड़ा फेंकने के लिये कूड़ादान के रूप में इस्तेमाल करते हैं। कांडी बाजार क्षेत्र के सभी तरह के दुकानदार हों या नदी के किनारे घर में निवास करने वाले लोग इसी नदी में समस्त कूड़ा कचरा डाल कर इस नदी के अस्तित्व को मिटाने पर उतर आये हैं। इस घृणित कार्य पर रोक लगाने वाला कोई नहीं है। इस नदी में सभी तरह के कूड़ा कचरा डाला जाता है। लोहा, शीशा सहित सभी तरह के कचरा के लिये यह नदी कूड़ादान बन कर रह गई है। बरसात के मौसम में उक्त कचरे का एक बड़ा भाग पानी के साथ बह कर नदी के अंतिम छोर पर बसे सड़की के किसानों के खेतों में चला जाता है। लोहा, शीशा, सिरिंज मेडिकल अवशिष्ट सहित अन्य कचरा खेतों में भर जाता है जिससे किसानों को खेती करने में काफी असुविधा होती है। उक्त नदी का बड़े पैमाने पर अतिक्रमण भी लगातार जारी है। नदी किनारे बसे लोगों ने इस नदी के सरकारी जमीन को अपना मानकर घर मकान बना लिये हैं तथा नदी के जमीन का इस्तेमाल अपने कार्य के लिये किया जा रहा है। जिस पर जांच कर अंकुश लगाना जरूरी है। स्थानीय व जिला प्रशासन इस गम्भीर मुद्दे पर जब तक गम्भीर नहीं होगी इस नदी के अस्तित्व को नहीं बचाया जा सकता। साथ हीं स्थानीय लोगों को भी इस नदी के प्रति गम्भीर और जागरूक होना होगा। अगर ऐसा नही होता है तो इस नदी का अस्तित्व सदा के लिये लुप्त हो जायेगा।

### शिक्षित बेटियां ही सुरक्षित और आत्मनिर्भर समाज का निर्माण करती हैं : अनिता रंजन

# सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस में छात्राओं को बताये गये कानूनी अधिकार

**बंशीधर न्यूज**

**गढ़वा :** सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस बालिका उच्च विद्यालय गढ़वा में नालसा की चाईल्ड फ्रेंडली लीगल सर्विसेज फॉर चिल्ड्रेन स्कीम-2024 पर विधिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में छात्राओं को उनके कानूनी अधिकारों, सुरक्षा और निःशुल्क विधिक सहायता की जानकारी दी गई।

मौके पर मुख्य अतिथि एलएडीसीएस की डिप्टी चीफ अनीता रंजन ने कहा कि आज की बच्चियां ही देश का भविष्य हैं। उन्होंने कहा कि किसी भी विषम परिस्थिति में कानून बच्चों के साथ मित्रवत व्यवहार करते हुये उनकी हरसंभव सहायता करता है। उन्होंने छात्राओं से शिक्षा पर विशेष ध्यान देने



की अपील करते हुये कहा कि शिक्षित बेटियां ही सुरक्षित और आत्मनिर्भर समाज का निर्माण करती हैं। पीएलवी कृष्णानंद दुबे ने बताया कि चाईल्ड फ्रेंडली स्कीम का उद्देश्य बच्चों को सुरक्षित, संवेदनशील और निःशुल्क कानूनी सहायता उपलब्ध कराना है, ताकि न्याय प्रणाली उनके लिए भय का कारण न बने। उन्होंने बताया कि बाल श्रम, दुर्व्यवहार, कानूनी विवाद तथा अन्य मामलों में बच्चों को बाल-मित्रवत अधिवक्ताओं के माध्यम से सहायता प्रदान की जाती है। साथ ही मानसिक एवं बौद्धिक दिव्यांग बच्चों को भी विशेष कानूनी सहयोग उपलब्ध कराया जाता है। उन्होंने बताया कि 18 वर्ष से कम आयु के अनाथ बच्चों को सरकार की स्पॉन्सरशिप योजना के तहत पालन-पोषण, शिक्षा एवं चिकित्सा के लिए प्रति बच्चा चार हजार रुपये की सहायता दी जाती है। पीएलवी संगीता सिन्हा ने 1098 चाईल्डलाईन की उपयोगिता बताते हुये गुड टच-बैड टच की जानकारी दी और किसी भी प्रकार की समस्या होने पर निर्भीक होकर शिकायत करने के लिये प्रेरित किया। पीएलवी तृप्ता भानु ने बाल अधिकारों की जानकारी देते हुये नालसा के टोल फ्री नंबर 15100 पर सहायता प्राप्त करने की अपील की। वहीं पीएलवी कल्पना देवी ने बाल विवाह को सामाजिक अभिशाप बताते हुये कहा कि लड़कियों की शादी 18 वर्ष और लड़कों की 21 वर्ष की आयु पूरी होने के बाद ही कानूनी रूप से की जानी चाहिये। मौके पर विद्यालय के प्राचार्य, शिक्षक सहित सैकड़ों छात्राएं उपस्थित थी।

प्रभात टुडे नेटवर्क के लिए राधेरमण चौबे द्वारा गुलाब मेमोरियल मार्केट श्री बंशीधर नगर गढ़वा झारखंड से प्रकाशित, प्रधान संपादक-धीरेन्द्र चौबे, संपादक-धर्मेन्द्र कुमार चौबे* फोन : 9471737671, web-www.banshidharnews.com-Email-prabhatodaynetwork@gmail.com, *समाचारों के चयन के लिए पी.आर.बी एक्ट के तहत जिम्मेदार (सभी वादों का निपटारा नगर ऊंटारी अनुमंडलीय न्यायालय के अधीन होगा)